राजस्थान सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, झालावाड़

फोन – 07432–230448 | ईमेल – projhalawar@gmail.com
वेबसाइट – dipr.rajasthan.gov.in | dipr.jhalawar@rajasthan.gov.in

**प्रेस समाचार**

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

झालावाड़ 27 मार्च। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर राधेश्याम डेलू की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत् आवंटित लक्ष्यों में प्रगति की सी और डी श्रेणी में चल रहे विभागों के कार्यों से संबन्धित अधिकारियों को शत्–प्रतिशत् लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार आवंटित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संस्थागत प्रसव के लक्ष्यों तय समायावधि में प्राप्त करने के निर्देश दिये। साथ ही इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए लम्बित् आवेदनों के निस्तारण करने सहित शेष अन्य विभागों के लक्ष्यों को भी पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए।

बैठक के दौरान आयोजना अधिकारी चतुरवर्ग मालपानी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को उनके विभागों द्वारा अर्जित लक्ष्यों की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एम सैय्यद, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.बी. तिवारी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. अरविन्द विजय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक गौरीशंकर मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक महेश चन्द गुप्ता, जिला परिषद् के अधिशाषी अभियंता राजेन्द्र निमेष, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी ओमकार बुनकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

———00———